Bihar Board Class 6 Social Science History Solutions Chapter 4 प्रथम कृषक एवं पशुपालक

अभ्यास

प्रश्न 1.
वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

प्रश्न (क)
सबसे पहले किस जानवर को आदमी ने पालतू बनाया ?
(i) कुत्ता
(ii) बंदर
(iii) गाय
(iv) बकरी
उत्तर-
(i) कुत्ता

प्रश्न (ख)
गेहूँ का प्राचीन साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुआ है ?
(i) मेहरगढ़
(ii) महागढ़
(iii) हल्लूर
(iv) पैयमपल्ली
उत्तर-
(i) मेहरगढ़

प्रश्न 2.
निम्नलिखित का सुमेल करें :

1. चिरांद – आधुनिक उत्तरप्रदेश
2. मेहरगढ़ – आधुनिक बिहार
3. बुर्जहोम – आधुनिक पाकिस्तान
4. कोल्डिहवा – आधुनिक काश्मीर

उत्तर-

1. चिरांद – आधुनिक बिहार (छपरा)
2. मेहरगढ़ – आधुनिक पाकिस्तान
3. बुर्जहोम – आधुनिक काश्मीर
4. कोल्डिहवा – आधुनिक उत्तरप्रदेश

https://www.evidyarthi.in/

आइए करके देखें

प्रश्न (i)
खेती की शुरुआत कैसे हुई ?
उत्तर-
मानव जब भोजन की खोज के लिए इधर-उधर एक स्थान – से दूसरे स्थान तक जाते रहते थे। इसी क्रम में मानव को पौधों के फल पकने का ज्ञान हुआ। उनके बीज से सदृश पौधे को उगते देखा होगा, इसी प्रकार गेहूँ, जौ और मटर के पौधे से प्राप्त अनाज और उसके गिर जाने सदृश्य पौधे की उत्पत्ति होते देखा और धीरे-धीरे बीजों का गह कर फसलों को नियमित रूप से उपजाने लगा।

प्रश्न (ii)
मानव जीवन में खेती के बाद क्या परिवर्तन आया?
उत्तर-
खेती की शुरुआत ने मानव-जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक बन गया। एक निश्चित जगह पर समूहों में रहने लगा। गाँव का विकास हुआ। सहयोग की भावना का जन्म हुआ। नाते-रिश्तेदारी पर आधारित जन जातीय समुदाय का उदय हुआ। रहने के लिए छप्पड़ वाली झोपड़ियाँ बनने लगीं। कपड़े पहनने लगे।

प्रश्न (iii)
नवपाषाण युग के औजारों की क्या विशेषता थी ?
उत्तर-
पुरापाषाण युग की औजारों की अपेक्षा नवपाषाणयुग की औजारों के आकार छोटे, दृढ़, पहले से ज्यादा धारदार एवं चमकदार थे।

https://www.evidyarthi.in/